## न्यूज डायरी



### दक्षिण अफ्रीका में यूपी के गुप्ता बंधुओं के भ्रष्टाचार का जैकब जुमा लिंक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** जोहानिसबर्ग। दक्षिण अफ्रीका में वांछित चल रहे यूपी के गुप्ता बंधुओं की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। दक्षिण अफ्रीका में भ्रष्टाचार संबंधी एक जांच रिपोर्ट ने इस बात की पुष्टि की है कि सरकारी उपक्रमों से अरबों रैंड की रकम लूटने के बाद देश से फरार हुए गुप्ता बंधुओं के मालिकाना हक वाले 'द न्यू एज' समाचार पत्र को पूर्व राष्ट्रपति जैकब जुमा के प्रभाव के कारण मदद पहुंचाई गई थी।
मूल रूप से उत्तर प्रदेश के सहारनपुर के रहने वाले तीन गुप्ता बंधुओं अजय, अतुल और राजेश ने टीएनए शुरू किया था, जो जब बंद पड़ा है। ऐसा माना जाता है कि ये तीनों भाई इस समय दुबई में रह रहे हैं। दक्षिण अफ्रीकी प्राधिकारियों ने उनके प्रत्यर्पण का अनुरोध किया है, ताकि उनके खिलाफ आपराधिक आरोपों के संबंध में सुनवाई की जा सके। 'साउथ अफ्रीकन कमीशन ऑफ इन्क्वायरी इनटू स्टेट कैप्चर' की पहली रिपोर्ट सार्वजनिक की गई थी।

### पाक और चीन की सरहद पर रूसी एस–400 मिसाइल का पहरा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत ने रूसी डिफेंस सिस्टम एस–400 की तैनाती की तैयारियां शुरू कर दी है। दुनिया के सबसे एडवांस एयर डिफेंस सिस्टम की पहली खेप भारतीय वायु सेना अगले महीने पंजाब एयरबेस पर तैनात करेगी। इस डिफेंस सिस्टम को पंजाब प्रांत में एक खास रणनीति के तहत तैनात किया जा रहा है। यहां से चीन और पाक की सीमा पर किसी भी नापाक कोशिश को नाकाम किया जा सकेगा। बता दें कि एस–400 एक एयर डिफेंस सिस्टम है। यह डिफेंस सिस्टम हवा के जरिए हो रहे किसी भी हमले को रोकता है। यह दुश्मन देशों के मिसाइल, ड्रोन, राकेट लांचर और फाइटर जेट्स के हमले को रोकने में कारगर है। इसे रूस के एलमाज संट्रल डिजाइन ब्यूरो ने बनाया है। दुनिया के बेहद आधुनिक एयर डिफेंस सिस्टम में इसकी गिनती होती है। भारत और रूस के बीच एस–400 की पांच यूनिट के लिए 2018 में करीब 40 हजार करोड़ रुपए की डील हुई थी।

### पाकिस्तान में ओमिक्रोन के मामले बढ़कर हुए 352

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान में कोरोना वायरस की हालात दिन–ब–दिन बिगड़ते जा रहे हैं। वायरस का प्रकोप थमने का नाम नहीं ले रहा है। वहीं कोविड–19 के नए वैरिएंट ओमिक्रोन से देश में खतरे के बादल फिर से छा गए हैं। देश के स्वास्थ्य मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को को दी जानकारी में बताया कि पाकिस्तान में अब तक ओमिक्रोन वैरिएंट के 352 नए मामले दर्ज किए हैं। देश में लगातार बढ़ रहे कोविड–19 के मामलों का मंगलवार को आंकड़ा पेश किया। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा, विनियम और समन्वय मंत्रालय में स्वास्थ्य महानिदेशक राणा मुहम्मद सफदर ने कहा कि कुल 352 ओमिक्रोन मामले सामने आए हैं।

### कैपिटल हिल पर हमले की बरसी पर होना था आयोजन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। अमेरिका के संसद भवन कैपिटल हिल पर हमले की पहली बरसी 6 जनवरी को है। इस मौके पर पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके सहयोगियों ने भी अपनी बात खुल कर कहने का इरादा जताया था और इसी मकसद से प्रेस कांफ्रेंस का एलान भी किया था। ये हमला पिछले साल छह जनवरी को हुआ था। दरअसल अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और डोनाल्ड ट्रंप 6 जनवरी को कैपिटल हिंसा की पहली बरसी पर राष्ट्र को संबोधित करने वाले थे। बता दें कि कैपिटल हिल पर हिंसा में एक पुलिस अधिकारी समेत पांच लोग मारे गए थे। व्हाइट हाउस के अनुसार बरसी के मौके पर जो बाइडन और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस देश के लोगों को संबोधित करेंगे। ट्रंप के खास सहयोगी रहे स्टीव बेनान ने पहले कहा था कि वे इस कैपिटल हिल पर हमले की बरसी के मौके पर अपने पाडकास्ट वार रूम का एक विशेष संस्करण प्रसारित करेंगे।

# कश्मीर को लेकर संयुक्त राष्ट्र भारत के खिलाफ ऐक्शन ले

**बौखलाहट**

## कई आतंकियों के संहार से बौखलाए पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**


इस्लामाबाद। जम्मू–कश्मीर में कई आतंकियों के संहार से बौखलाए पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान ने एक बार फिर से पीएम मोदी और कश्मीर पर जहरीला बयान दिया है। इमरान खान ने कहा कि कश्मीर में संयुक्त राष्ट्र की निगरानी में जनमत संग्रह कराने का संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का वादा अभी तक पूरा नहीं हुआ है। पाकिस्तानी पीएम ने आरोप लगाया कि हिंदुओं का समर्थन करने वाली मोदी सरकार ढिठाई से सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों का उल्लंघन कर रही है और कश्मीर में जनसंख्या को बदलने का प्रयास कर रही है।
इमरान खान ने ट्वीट करके कहा कि मोदी सरकार अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानूनों और अंतरराष्ट्रीय समझौतों का उल्लंघन कर रही है। मोदी सरकार ने कश्मीर का दर्जा बदलकर और जनसंख्या को बदलने का प्रयास करके युद्ध अपराध किया है। पाकिस्तानी पीएम ने अंतरराष्ट्रीय



समुदाय खासकर संयुक्त राष्ट्र से मांग की कि कश्मीर में युद्ध अपराध के लिए भारत के खिलाफ मुकदमा चलाया जाए। उन्होंने दावा किया कि पाकिस्तान कश्मीरी लोगों के आत्मनिर्णय के लिए जारी संघर्ष में पूरी निष्ठा के साथ खड़ा है।
**पाकिस्तानी विदेश मंत्री ने दिया था भारत को न्योता:** इमरान खान ने यह जहरीला बयान ऐसे समय पर दिया है जब पाकिस्तान के विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी ने सोमवार को कहा था कि उनका देश 19वें दक्षेस शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि भारतीय नेतृत्व यदि इस्लामाबाद आने को इच्छुक नहीं है, तो यह पड़ोसी देश (भारत) इसमें डिजिटल माध्यम से शामिल हो सकता है। कुरैशी ने भारत पर शिखर बैठक के लिए इस्लामाबाद आने से इनकार कर अपनी हठधर्मिता के जरिए 'क्षेत्रीय सहयोग के लिए दक्षिण एशियाई संगठन' को निष्क्रिय करने का आरोप लगाया।
कुरैशी ने कहा, 'मैं 19वें दक्षेस शिखर सम्मेलन के लिए फिर से न्योता देता हूं। यदि भारत इस्लामाबाद आने को इच्छुक नहीं है तो वह डिजिटल माध्यम से इसमें शामिल हो सकता है ...लेकिन उसे अन्य देशों को इसमें शरीक होने से नहीं रोकना चाहिए। ' सार्क अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, भारत, मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका का एक क्षेत्रीय संगठन है। यह 2016 से बहुत प्रभावी नहीं रहा है और इसकी शिखर बैठक 2014 (काठमांडु) के बाद नहीं हुई है। सार्क शिखर सम्मेलन पर कुरैशी का यह बयान पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान द्वारा पिछले महीने यह उम्मीद जताये जाने के बाद आया है कि उनका देश शिखर सम्मेलन की राह में पैदा किये गये कृत्रिम अवरोध को हटाये जाने के बाद इस बैठक की मेजबानी करेगा।
कुरैशी ने 2021 में भारत के साथ पाकिस्तान के संबंधों में कोई बदलाव नहीं होने का जिक्र करते हुए दोनों देशों के बीच अच्छे संबंधों की संभावना को बिगाड़ने के लिए भारत में 'हिंदुत्ववादी सोच' के वर्चस्व को जिम्मेदार ठहराया था।

## नए साल पर तानाशाह किम जोंग उन ने दुनिया को डराया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** प्योंगयांग। उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन ने नए साल पर एक बार फिर से किलर मिसाइल का परीक्षण करके कोरियाई प्रायद्वीप में तनाव को भड़का दिया है। उत्त्तर कोरिया ने जापान सागर में इस किलर मिसाइल का परीक्षण किया है। जापान और दक्षिण कोरिया दोनों ने ही इस मिसाइल परीक्षण की पुष्टि की है। जापान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि ऐसा लगता है कि यह एक बलिस्टिक मिसाइल थी।
दक्षिण कोरिया ने भी अपने पूर्वी तट पर परीक्षण की पुष्टि की है लेकिन उसने यह नहीं बताया कि यह मिसाइल थी या कुछ और। इससे पहले अक्टूबर महीने में उत्तर कोरिया ने आखिरी बार अपना मिसाइल परीक्षण किया था। उत्तर कोरिया ने अपनी सबमरीन से दागे जाने वाली मिसाइल का परीक्षण किया था। जापान के पीएम फूमिओ किशिदा ने उत्तर कोरिया के ताजा मिसाइल टेस्ट की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि हम यह पता लगा रहे हैं कि मिसाइल कहीं जापान के विशेष आर्थिक क्षेत्र में तो नहीं गिरी। किशिदा ने कहा कि यह बहुत दुखद है कि उत्तर कोरिया पिछले साल से ही मिसाइल का परीक्षण कर रहा है। इससे पहले उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन ने अपने शासन के 10 साल पूरा होने के मौके पर देश को संबोधित किया था।



चीन के सूरज ने बनाया नया विश्व रेकॉर्ड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बीजिंग। चीन के कृत्रिम सूरज ने एक बार फिर से नया विश्व रेकॉर्ड बनाया है। हेफेई में स्थित चीन के इस न्यूक्लियर फ्यूजन रिएक्टर से 1,056 सेकंड या करीब 17 मिनट तक 7 करोड़ डिग्री सेल्सियस ऊर्जा निकली। चीन की इस सूरज ने नया रेकॉर्ड गत 30 दिसंबर को बनाया। यह अब तक का सबसे ज्यादा समय है जब इतनी ऊर्जा इस परमाणु रिएक्टर से निकली है। इससे पहले इस नकली सूरज ने 1.2 करोड़ डिग्री ऊर्जा निकाली थी। इस बीच चीन के इस नकली सूरज से निकली अपार ऊर्जा से दुनिया टेंशन में आ गई है।

## कजाखस्तान में गैस की कीमतों में लगी आग से भड़की जनता

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

अल्माटी। मध्य एशियाई देश कजाखस्तान में गैस की बढ़ती कीमतों से भड़की जनता के हिंसक विरोध प्रदर्शनों के बाद सरकार ने इस्तीफा दे दिया है। कजाखस्तान के राष्ट्रपति कासम झोमार्ट ने टोकायेव ने प्रधानमंत्री अस्कार मामिन के इस्तीफे को स्वीकार कर लिया है। इस बीच राष्ट्रपति की ओर से देश के सबसे बड़े शहर अल्माटी और पश्चिमी मानगिस्ताउ प्रांत में दो सप्ताह के लिए आपातकाल की घोषणा कर दी गई है।
इस आपातकाल के तहत रात के 11 बजे से सुबह के 7 बजे तक के लिए कर्फ्यू लगा दिया

**सरकार का इस्तीफा, आपातकाल**

गया है और वाहनों के आवागमन को प्रतिबंधित कर दिया गया है। यही नहीं लोगों के बड़े पैमाने पर इकट्ठा होने पर भी बैन लगा दिया गया है। राष्ट्रपति ने अपने वीडियो संदेश में कहा कि सरकार और सेना पर हमले के लिए आह्वान करना पूरी तरह से अवैध है। सरकार नहीं गिरेगी लेकिन हम चाहते हैं कि आपसी विश्वास हो और संवाद न कि विवाद।
राष्ट्रपति ने समैलोव अलिखान को कार्यवाहक प्रधानमंत्री बनाया राष्ट्रपति जब यह बयान दे रहे थे, उस समय अल्माटी में पुलिस प्रदर्शनकारियों पर आंसू गैस के गोले और सुन्न करने वाले ग्रेनेड दाग रही थी। पुलिस की कोशिश थी कि हजारों की तादाद में मौजूद प्रदर्शनकारी मेयर के कार्यालय में न घुस पाएं। तेल से समृद्ध इस देश में सरकार ने देर शाम को ऐलान किया कि वह एलपीजी की कीमतों को बहाल कर रही है। इससे पहले नए साल पर अपनी तरह के दुर्लभ प्रदर्शन में प्रदर्शनकारी एलपीजी की कीमतों में वृद्धि के बाद प्रदर्शन करते हुए अल्माटी शहर पहुंच गए थे। इन प्रदर्शनों के बाद सरकार ने इस्तीफा दे दिया है और राष्ट्रपति ने संविधान के अनुच्छेद 70 के तहत इस इस्तीफे को स्वीकार कर लिया है। कजाखस्तान की वित्तीय राजधानी अल्माटी है और वहां पर रात को हालात बेकाबू हो गए।

## तालिबानी आतंकियों का हेलिकॉप्टर हुआ क्रैश

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काबुल। अमेरिका के अरबों डॉलर के हेलिकॉप्टर पर कब्जा करके बैठे तालिबानी आतंकी इन हथियारों का मोल नहीं समझ रहे हैं और अनाड़ियों की तरह से इन्हें उड़ा रहे हैं। कंधार शहर में एक अनाड़ी तालिबानी पायलट ने इस तरह से अमेरिकी हेलिकॉप्टर को हवा में उड़ाया कि वह दुर्घटनाग्रस्त हो गया। यही नहीं तालिबानी पायलट की इस खतरनाक उड़ान को देखकर वहां आसपास खड़े लोगों के जान पर भी संकट बन आया। बताया जा रहा है कि तालिबान ने कंधार में बाढ़ राहत के लिए सोमवार को कई हेलिकॉप्टर भेजे थे। इसी दौरान यह हेलिकॉप्टर पायलट की लापरवाही से मात्र 40 सेकंड में ही क्रैश कर गया। बताया जा रहा है कि इस हादसे में तालिबानी पायलट घायल हो गया है। तालिबानी पायलट की यह बेवकूफी अब सोशल मीडिया में जमकर शेयर की जा रही है और लोग मजे ले रहे हैं। उन्होंने तालिबान को सलाह दी है कि हवा में हेलिकॉप्टर उड़ाने के लिए शिक्षा, कौशल और अनुभव की जरूरत होती है।